नर्मदा कॉलेज में युवा उत्सव: लोक संगीत, लोक नृत्य, और लोक गायन से हुई शुरुआत





नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज युवा उत्सव का पहला दिन भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा पर आधारित सांगीतिक विधा में लोक गायन, लोक नृत्य द्वारा एकल और सामूहिक प्रस्तुति का रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया।प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि संगीत, साहित्य, रंगमंच, चित्रकला, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में सृजनात्मक का विकास होता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ कल्पना विश्वास ने कार्यक्रम की रूपरेखा और युवा उत्सव की प्रतियोगिताओं के नियमों पर प्रकाश डाला। आज विद्यार्थियों ने लोक गायन लोक संगीत लोक नृत्य आदि सुगम संगीत की प्रस्तुति दी ।

परिणाम इस प्रकार रहे शास्त्रीय गायन एकल नानक राम महिपाल- प्रथम नित्या पाल- द्वितीय सुगम गायन एकल, तनिष्का शर्मा प्रथम, निशा हरियाली द्वितीय, नानकराम महिपाल तृतीय समूह गायन भारतीय, नानक महिपाल समूह प्रथम, रक्षा कहार समूह द्वितीय, परकुशन, हर्ष मेहरा प्रथम नितिन शाक्य द्वितीय नित्या पाल तृतीय, नान पर कुशन, आयुष मेहरा प्रथम , रितेश मोरे द्वितीय



फोक(लोक)आर्केस्ट्रा, एकल नृत्य शास्त्रीय शिवानी साहू प्रथम हेमा विश्वास द्वितीय भूमि चौहान तृतीय समूह नृत्य जया समूह प्रथम रहे। डॉ ज्योति दीवान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने संगीत की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश श्रीवास्तव, डॉ भारती सेवतिया ने तथा प्रतिवेदन डॉ अंजना यादव ने तैयार किया। तकनीकी सहयोग वैभव बिल्लौरे का रहा।डॉ अमिता जोशी, डॉ संजय चौधरी, डॉ कमल वाधवा, डॉ के जी मिश्र, डॉ राजेश दीवान, डॉ आलोक मित्रा, डॉ राजीव शर्मा, डॉ ममता गर्ग, डॉ मीना कीर निर्णायक भूमिका में रहे।डॉ जय श्री नंदनवार, डॉ अर्चना पटेल, डॉ संध्या गौर, डॉ शबनम कुरैशी, डॉ नीता वर्मा, डॉ मालती पटेल,डॉ प्रतीत गौर, मेघा रावत, रीनू वर्मा, डॉ प्रियंका राय सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





